**29T ADHI**

# 2019

# ADVANCE HINDI

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 30**

**Time : Three hours**

***The figures in the margin indicate full marks for the questions.***

| | | |
|---|---|---|
| *Q. No.* ***1*** *carries* ***1*** *mark each* | | 1×12 = 12 |
| *Q. No.* ***2*** *carries* ***2*** *marks each* | | |
| | * | 2×6 = 12 |
| | * | 2×4 = 8 |
| | * | 2×2 = 4 |
| *Q. No.* ***3*** *carries* ***4*** *marks each* | | |
| | * | 4×2 = 8 |
| | * | 4×2 = 8 |
| | * | 4×3 = 12 |
| | * | 4×3 = 12 |
| *Q. No.* ***4*** *carries* ***6*** *marks each (any four)* | | 6×4 = 24 |
| | | Total= 100 |

*Contd.*

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×12=12

(क) माता गांधारी किसका प्रतीक है?

(ख) 'विप्लव गायन' कविता किस भाव पर लिखी गयी कविता है?

(ग) महादेवी वर्मा किस युग की प्रमुख कवयित्री थी?

(घ) दिनकर जी के *किसी एक* काव्य–कृति का नाम लिखिए।

(ङ) 'भास्कर वर्मण' किस तरह का नाटक है?

(च) 'भास्कर वर्मण' नाटक में कौन काल्पनिक पात्र है?

(छ) महाराज कुमार भास्कर वर्मण कहाँ के महाराज थे?

(ज) रानी लक्ष्मीबाई के पिता का नाम क्या था?

(झ) रानी लक्ष्मीबाई उपन्यास का प्रथमार्द्ध 'उदय' है तो उत्तरार्द्ध क्या है?

(ञ) अनुप्रास अलंकार शब्दालंकार है *या* अर्थालंकार?

(ट) 'पीड़ा सुरभित चन्दन-सी' में कौन-सा अलंकार है?

(ठ) दोहा छंद की प्रत्येक पंक्ति में कुल कितनी मात्राएँ होती हैं?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

## खण्ड-क

*(किन्हीं **छः** प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 2×6=12

(क) 'भिक्षु होकर रहते सम्राट दया दिखलाते घर-घर घूम।' आशय स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'भारत महिमा' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है?

(ग) 'जिसने दुख पाला हो' कविता का मूल भाव क्या है?

(घ) महादेवी वर्मा के काव्यों की भावभूमि कैसी है?

(ङ) 'रुद्ध गीत की क्षुब्ध तान निकली है मेरे अंतर तर से' — का भाव स्पष्ट कीजिए।

(च) नवीन जी ने कवियों से क्या आह्वान किया है?

(छ) 'तो, वह पड़ा है कंकाल मेरे पुत्र का' — किसका कंकाल कहाँ पड़ा हुआ था?

(ज) किसके इशारे पर किसने दुर्योधन को अधर्म से मारा था?

(झ) 'मानव शांति' किसका संदेश है और किसे दिया गया है?

## खण्ड-ख

*(किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 2×4=8

(क) 'माँ, आपने मुझे बेटी कहा — धन्य हो गयी' — किसने किसे माँ कहकर संबोधित किया है?

(ख) 'सर्प को दूध पिलाना उसके विष का उपचार नहीं है।' भाव स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'राजा प्रजा की इच्छा का प्रतीक है।' स्पष्ट कीजिए।

(घ) भास्कर वर्मण ने विवाह के बारे में क्या प्रतिज्ञा की थी?

(ङ) 'भास्कर वर्मण' नाटक के पंचम अंक की घटना का काल और स्थान क्या है?

(च) राज्यश्री कौन थी?

## खण्ड-ग

*(किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 2×2=4

(क) रानी लक्ष्मीबाई के बचपन का नाम क्या था और उनका जन्म कहाँ हुआ था?

(ख) 'झाँसी का सूर्य अस्त हो गया।' आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'वो मुर्दों को जान बख्शता रहेगा' — ऐसा गुलमुहम्मद ने क्यों कहा?

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**खण्ड-क**

*(किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 4×2=8

(क) पठित कविता के आधार पर भारतीयता की *किन्हीं चार* विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ख) सामाजिक परिवर्तन लाने में कवियों की कैसी भूमिका रही है?

(ग) पठित कविता के आधार पर गाँधारी की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

**खण्ड-ख**

*(किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 4×2=8

(क) भास्कर वर्मण ने अनेकता में एकता के सपने को साकार करने के लिए क्या-क्या किया?

(ख) राज्यश्री ने भास्कर वर्मण को राखी बाँधकर क्या संदेश दिया?

(ग) 'अपने बीच हम तिब्बत—नरेश को आने नहीं देंगे' — आशय स्पष्ट कीजिए।

**खण्ड-ग**

*(किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 4×3=12

(क) 'रानी लक्ष्मीबाई हिन्दू-मुस्लिम एकता की प्रस्तोता थीं।' स्पष्ट कीजिए।

(ख) तलवार चलाने की कला रानी लक्ष्मीबाई ने कैसे सीखी थी?

(ग) राजा गंगाधर राव ने किसे गोद लिया? उस गोद को कंपनी-सरकार ने किन नियमों के तहत अस्वीकार कर दिया?

(घ) लक्ष्मीबाई के त्याग को रेखांकित कीजिए।

(ङ) 'नारी शक्ति के महत्व की प्रतिष्ठा करना रानी लक्ष्मीबाई उपन्यास का उद्देश्य है।' इस कथन की पुष्टि कीजिए।

**खण्ड–घ**

*(निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए)* 4×3=12

(क) काव्य में छंदों की महत्ता बताइए।

(ख) अलंकार की परिभाषा देते हुए निम्न में से *किसी एक* अलंकार का सोदाहरण परिचय दीजिए।

रूपक; श्लेष; यमक

(ग) रस किसे कहते हैं? निम्नलिखित में से *किसी एक* रस का सोदाहरण परिचय दीजिए।

वीर; शान्त; करुण

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 6×4=24

(क) 'मानव शांति' कविता का भावार्थ स्पष्ट कीजिए।

***अथवा***

'महादेवी वर्मा दु:ख और वेदना की कवियित्री थी'। पठित कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ख) राष्ट्रीय एकता के लिए भास्कर वर्मण द्वारा किए गए कार्यों का वर्णन कीजिए।

*अथवा*

'भास्कर वर्मण' नाटक की कथावस्तु को संक्षेप में लिखिए।

(ग) रानी लक्ष्मीबाई ने बुंदेलखण्ड की डाकू-समस्या का उन्मूलन किस प्रकार किया? स्पष्ट कीजिए।

*अथवा*

रानी लक्ष्मीबाई द्वारा सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय चेतना के लिए किए गए कार्यों का परिचय दीजिए।

(घ) 'रानी लक्ष्मीबाई अदम्य साहसी और बलवान रणबाँकुरी थीं।' पठित उपन्यास के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

*अथवा*

रानी लक्ष्मीबाई की चारित्रिक विशेषताओं का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

——— × ———